
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 195 | ग्वालियर,सोमवार 25 मार्च 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### लोकसभा चुनाव से पहले एमपी कांग्रेस में बड़ा बदलाव, पीसीसीचीफ जीतू पटवारी ने बदले



### 9 जिलाध्यक्ष

मध्य प्रदेश कांग्रेस के नवागत अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संगठन में बदलाव का दौर शुरू कर दिया है. पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने प्रदेश में नौ नए जिलाध्यक्षों की घोषणा की है. इसमें भोपाल से अनोखी पटेल को जिलाध्यक्ष बनाया गया है. जबकि पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले में पूर्व सीएम कमलनाथ के करीबी बलवीर तोमर को हटाकर युवा राजीव को गुजराती को अध्यक्ष बनाया है. चुनाव के बाद कांग्रेस के केन्द्रीय नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष पद में बदलाव किया था. पूर्व सीएम कमलनाथ के स्थान पर जीतू पटवारी को अध्यक्ष बनाया गया था. पीसीसी चीफ का पदभार ग्रहण करने के बाद जीतू पटवारी ने प्रदेश कांग्रेस की कार्यकारिणी भंग की थी. हालांकि, उन्होंने कहा था कि आगामी आदेश तक जिलाध्यक्ष काम करते रहेंगे, लेकिन अब पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कांग्रेस संगठन में बदलाव की शुरुआत कर दी है.

**कहां किसे मिली कमान** –पहली घोषणा में प्रदेश में नौ नए जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा गठित किए गए जिलाध्यक्षों में जीतू पटवारी ने जबलपुर शहर का जिलाध्यक्ष सौरभ नार्टी शर्मा को बनाया है, जबकि भोपाल से अनोखी पटेल, सीहोर राजीव गुजराती, उज्जैन शहर मुकेश भाटी, विदिशा मोहित रघुवंशी, मऊगंज पदमेश गौतम, मैयर धर्मेश घई, पार्ढुणा सुरेश झाल्के और बड़वानी से ननेश चौधरी को जिलाध्यक्ष बनाया गया है.वहीं जीतू पटवारी ने प्रदेश में बढ़ते कर्ज को लेकर बीजेपी की मोहन यादव सरकार पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में सरकार 42 हजार 500 करोड़ का करोड़ का कर्ज ले चुकी है

## दिग्विजय सिंह को ऐसा सोचना भी नहीं चाहिए, पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ने के बयान पर प्रज्ञा ठाकुर का तंज

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने राजगढ़ से लोकसभा का टिकट मिलने के बाद बयान दिया था कि यदि उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान या देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने भी चुनाव लड़ने का अवसर मिला तो, वह पीछे नहीं हटेंगे. उन्होंने फिलहाल पार्टी के आदेश पर राजगढ़ से लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला लिया है. इस बयान पर सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के प्रधानमंत्री और शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ चुनाव लड़ने के बयान पर मध्य प्रदेश की राजनीतिक गरमा गई है. भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा है कि अगर दिग्विजय सिंह को साल 2019 के भोपाल का लोकसभा चुनाव याद है तो उन्हें इस प्रकार का बयान नहीं देना चाहिए. उन्होंने यह भी



कहा कि यदि वह पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के चुनाव खिलाफ चुनाव लड़ेंगे तो उनकी



जमानत जब्त हो जाएगी, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ तो चुनाव लड़ने का पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को सोचना तक नहीं चाहिए. सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने यह आरोप लगाया कि दिग्विजय सिंह के कार्यकाल में मध्य प्रदेश में लोगों को सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ता था. उल्लेखनीय है कि भोपाल की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर को इस बार भारतीय जनता पार्टी ने टिकट नहीं दिया है.

**अब पूरी बीजेपी दिग्विजय के खिलाफ**–पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को छोड़कर अब पूरी भारतीय जनता पार्टी दिग्विजय सिंह के खिलाफ मैदान में उतर गई है. बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने भी दिग्विजय सिंह को आडे हाथों लिया है. उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह पर आरोप लगाते हुए उनके कार्यकाल में मध्य प्रदेश की जनता बदतर जीवन जी रही थी.

## सीएम मोहन यादव का काफिला, सुरक्षा कर्मी हो गए परेशान

चुनाव प्रचार के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की लंबी-लंबी सड़क यात्राओं से उनका सुरक्षा स्टाफ चिंतित है. यह चिंता शुक्रवार (22 मार्च) को तब और बढ़ गई, जब जबलपुर से मंडला (नक्सली गतिविधियों के कारण संवेदनशील जिला) जाते वक्त खराब सड़क की धूल के गुबार में सीएम का वाहन सुरक्षा कर्मियों की नजरों से ओझल हो गया था.मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भी माना कि जबलपुर से मंडला की सड़क बेहद खराब है और उन्होंने इसके जल्द सुधार के लिए एनएचएआई के अधिकारियों से चर्चा की है.दरअसल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बुधवार (20 मार्च) को केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते की नामांकन रैली में भाग लेने स?क मार्ग से जबलपुर से मंडला जा रहे थे. इस दौरान जब उनका काफिला



नारायणगंज के पास एक निर्माणाधीन पल के पास पहुंचा तो धूल का ऐसा गोबर उठा कि 10 मीटर पर भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा था.कुछ पलों के लिए मुख्यमंत्री का वाहन सुरक्षा कर्मियों की नजरों से ओझल हो गया था. क्योंकि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को जेड प्लस कैटेगरी की सुरक्षा मिली हुई है, इसलिए इस घटना से सुरक्षा कर्मियों की चिंता बढ़ गई.प्रशासनिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा स्टाफ ने इस बात की जानकारी तुरंत पुलिस के आला अधिकारियों को दी, जिसकी वजह से मंडला से जबलपुर वापसी के दौरान सड़क पर पानी का छिड़काव देखने को मिला.इसके बावजूद भी सड़क पर कई जगहों पर धूल के कारण सुरक्षा कर्मी चिंतित नजर आए. बताया जाता है कि हेलीकॉप्टर उपलब्ध न होने कारण मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को सुरक्षा के नियमों को ताक पर रखकर चुनाव प्रचार के लिए लंबी-लंबी सड़क यात्राएं करनी पड़ रही हैं. मुख्यमंत्री के सुरक्षा स्टाफ ने अपनी चिंताओं को वरिष्ठ अधिकारियों से अवगत करा दिया है.कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है

## जिन पर इतना बड़ा इल्जाम लगा है उन्हें.. केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बोले ज्योतिरादित्य सिंधिया




आबकारी नीति के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर लगातार सियासी दलों के नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आ रही है. इस बीच केंद्रीय मंत्री और गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अरविंद केजरीवाल की राजनीति पर ही सवाल खड़े किए हैं. सिंधिया ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग की है. केंद्रीय मंत्री और गुना सीट से बीजेपी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, जिनके ऊपर इतना बड़ा इल्जाम लगा है, उन्हें नैतिकता के आधार पर पद छोड़ देना चाहिए. आप जनता की राजनीति नहीं बल्कि कुर्सी की राजनीति करते हैं.

**केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी रिमांड**–बता दें कि दिल्ली की अदालत ने शुक्रवार (22 मार्च) को आबकारी नीति मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया है. ईडी ने कोर्ट में दावा किया कि कथित आबकारी घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी (क्क) के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री होने का फायदा उठाया. दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गुरुवार (21 मार्च) को ईडी ने उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया था.

**केजरीवाल के वकील ने क्या कहा**–दिल्ली के मुख्यमंत्री की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट अभिषेक सिंघवी ने दावा किया कि आबकारी नीति मामले में 200 से अधिक छापों के बावजूद आप नेता की अपराध में संलिप्तता दिखाने वाली कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली







# हारजीत का दाँव लगाते 23 जुआरी लहार पुलिस की गिरफ्त में

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

जुआरियो के कब्जे से 03 लाख 4 हजार रुपये नगदी,02 लाख रुपये कीमत के 22 एन्ड्रॉइड मोबाईल तथा 03 लाख रुपये कीमत की तीन मोटर साईकिल जप्त

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव जी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के द्वारा दिये गये विशेष निर्देश एवं मार्गदर्शन में चलाये जा रहे जुआ,सट्टा,आर्म्स के अभियान के तहत थाना लहार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मलपुरा एवं धौनपुरा के बीच खेतों में हार जीत का दाँव लगाकर जुआ खेला जा रहा है। थाना प्रभारी लहार निरीक्षक रविन्द्र शर्मा द्वारा तत्काल मुखबिर की सूचना पर थाना रावतपुरा एवं थाना मिहोना के फोर्स को थाना लहार तलब कर तीन टीमें गठित कर प्रायवेट वाहन पिकअप एवं आँटो से मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी। मौके पर पुलिस ने जुआ खेलते 23 जुआरियों को पकडा जिनके कब्जे व फड से 3,04000 /- रूपये नगदी, 22 मोबाईल फोन एवं 03 मोटरसाईकिलें जप्त की गई।




### सराहनीय भूमिका

–उल्लेखनीय कार्य में निरीक्षक रविन्द्र शर्मा थाना प्रभारी थाना लहार, उपनिरीक्षक गिरीश शर्मा (थाना मिहोना),उपनिरीक्षक ध्यानेंद्र सिंह,उपनिरीक्षक कमलकांत दुबे ( थाना प्रभारी रावतपुरा),का. उपनिरीक्षक सुरेश दत्त मिश्रा, भैयालाल सनोरिया, का. सहायक उपनिरीक्षक प्रभाशंकर उपाध्याय, रमेश चन्द्र जोनवार,उदय सिंह,का. प्रधान आरक्षक सुनील शर्मा,मनोज कुमार,आरक्षक विशाल मिश्रा, जयकुमार,श्याम गुर्जर,अजय यादव,लाखन जाट, आदित्य गुर्जर, सुशील शर्मा,अरविंद सिंह भदौरिया,श्याम कुमार,अमित पटेल, सुभाष जाट,सुशील जाट,थाना रावतपुरा से आरक्षक योगेन्द्र शर्मा,सूरज खरे,थाना मिहोना से आरक्षक जितेन्द्र गुर्जर,प्रदीप तोमर की सराहनीय भूमिका रही।

# बूथ विजय अभियान के अंतर्गत विधायक उमाकांत शर्मा ने किया स्थानीय खिलाड़ियों से संवाद, मोदी जी की कहीं राम राम

**सिरोंज।**
**अभिषेक कुशवाह**



भाजपा द्वारा चलाऐ जा रहे बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत रोजना नित नये कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस अभियान के तहत लोगों से संवाद स्थापित कर बूथ स्तर पर मतदान प्रतिशत बड़ाने अभियान भी चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को रात्रि में श्री गणेश सदन में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने शहर के विभिन्न खिलाड़ियों से भेंट कर उनसे संवाद स्थापित कर पटका उड़ाकर स्वागत किया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राम राम खिलाड़ियों से कही

**राष्ट्रहित में कार्य करे सभी खिलाड़ी**-उमाकांत शर्मा इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी खिलाड़ियों से संवाद स्थापित करते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राम राम कहते हुए कहा कि लोकतंत्र का महान पर्व लोकसभा चुनाव आने वाला है। हम सब खिलाड़ी राजनैतिक द्वेष त्यागकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने हेतु खेल भावना से इसमें भाग लेते हुए राष्ट्रहित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा खेलो भारत वर्ष नीति बनाकर सम्पूर्ण विश्व में देश का नाम रोशन किया है। हमारे देश के सभी खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से चीन, अमेरिका, रूस आदि देशों के खिलाड़ियों से भी आगे निकल रहे हैं। आप सभी अपने खेल और कौशल में निखार लाकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करें ऐसी मेरी कामना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर के प्रतिभावान खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# सत्यनिष्ठा और विजय के महापर्व होली पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियरवासियों को दी शुभकामनाएं



**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

*ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भक्त प्रह्लाद की सात्विकता एवं सत्यनिष्ठा की विजय के महापर्व होली पर सभी ग्वालियरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि होली के महापर्व के अवसर पर हम अपनी नकारात्मकता, अहंकार और बुराइयों का दहन कर अपने जीवन में सकारात्मकता का रंग भरें और सामाजिक सद्भाव और भाईचारे के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संकल्प लें तथा नए उत्साह व उमंग से होली का स्वागत करें।*

# आदिवासी समुदाय ही जल, जंगल और जमीन के असली कलिदार है :ज्योतिरादित्य सिंधिया

## केन्द्रीय मंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने बिरसा मुंडा का सम्मान किया

**बमौरी के जनजातीय समुदाय के बीच नये अंदाज में दिखे केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया**

**आदिवासी समाज की महिला जानकी सहरिया के घर पर किया भोजन।**

महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे

गुना। गुना संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जनता के साथ अपने अटूट रिश्ते और संवेदनशीलता के लिए जाने जाते हैं। आज उन्होंने बमोरी में एकबार फिर सिद्ध कर दिया की क्षेत्र में उनका वर्चस्व हर समुदाय के साथ स्थापित है। ऐसा तब हुआ जब वह बमोरी में आयोजित जनजातीय समुदाय चौपाल में पहुंचे और वहां समुदाय के सदस्यों से घंटो तक बातचीत की। अपनी बातचीत में सिंधिया ने बोला कि, ÷पृथ्वी के सबसे बड़े संरक्षक आदिवासी भाई बहन है जिन्होंने सदियों से इस धरती की रक्षा की है। जल, जंगल, जमीन के असली किलेदार आप सब ही हैं और इसीलिए हर भारतवासी को आपको नमन करना चाहिए।÷आदिवासी भाईयों के बीच अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने सिंधिया परिवार और आदिवासी समुदाय



के रिश्ते के बारे में बताया और अपने पूर्वज को याद किया, उन्होंने कहा कि ÷जैसे आज मैं आप सब के बीच चौपाल करने आया हूँ, ऐसे ही मेरे पूर्वज माधो महाराज आदिवासी समाज के साथ चौपाल किया करते थे। अतीत के पन्नों को पलटते हुए उन्होंने कहा कि 1937-38 में श्योपुर जिले में आदिवासियों के बच्चों के लिए 13 स्कूल और तीन निःशुल्क छात्रावास बनाए गए थे। आपके समाज के बच्चों को शिल्पकला का प्रशिक्षण देने की योजना बनाई गई थी जो रोजमर्रा की जिंदगी में उपयोगी हो।केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को वर्तमान समय में आदिवासी समुदाय के विकास के बारे में बात करते हुए कांग्रेस पर जम कर हमला किया। उन्होने कहा की ÷कांग्रेस सिर्फ अपने नेताओं के नाम पर जयंती मनाती है। नरेन्द्र मोदी जी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने भगवान बिरसा मुंडा को सम्मान देते हुए उनकी जयंती मनाई और रानी दुर्गावती की 500 वीं जयंती समूचे राष्ट्र में मनाई। केंद्र सरकार ने 12 हड़ार गाँवो में आदिवासी भाई बहनों के विकास के लिए 25 हड़ार करोड़ रुपए की प्रधनमंत्री जनमन योजना शुरू की है।÷

**केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने जानकी सहरिया के घर किया भोजन**-केन्द्रीय मंत्री सिंधिया आदिवासी समुदाय की महिला, जानकी सहरिया जिन्हे हाल में ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत घर मिला है, उनके घर गए और भोजन किया। भोजन में उन्होंने दाल-बाटी का जम कर स्वाद लिया। यहां यह तथ्य गौरतलब है कि आज केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पहनावे में एक ड़ास बात थी, उन्होंने आदिवासियों के क्रांति शब्द ÷हुल जोहार÷ प्रिंट का गमछा पहना हुआ था।

# एक शाम गो माता के नाम विशाल भजन संध्या का हुआ आयोजन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**तुमकूर।** श्री कृष्णा गौशाला फाउंडेशन ट्रस्ट गांव केंपोहल्ली उरडीगेरे दावसपेट के तत्वाधान में श्री श्री श्री सिद्धलिंग महास्वामी सिद्धगंगा मठ तुमकूर एवं बेंगलूरू स्थित कृष्णा गौशाला के संत पुखराज महाराज के सानिध्य में उरडीगेरे के कृष्णा गौशाला परिसर में दिनांक 23 मार्च 2024 शनिवार को एक शाम गो माता के नाम भजन संध्या का आयोजन रखा गया। गोशाला परिसर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोमाता प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित से हुआ। भजन गायक राधे श्याम माली ने गणेश स्तुति से धर्मसभा का शुभारंभ किया। ओम मुंडेल ने मायड़ भाषा में मधुर लोक भजनों की दी। लोक भजनों पर भावविभोर होते हुए भक्त देर रात तक झूमते रहे। मुडेल ने भजनों व कथाओं के माध्यम से गोमाता की महत्ता बताई। कृष्णा गोशाला के संत पुखराज महाराज ने कहा कि गौ बचेगी तो देश की संस्कृति बचेगी। उन्होंने कहा कि गाय व सृष्टि का आपसी संबंध गहरा है। गाय कि नित्य सेवा करने से पुण्यार्जन होता है। समाजसेवी महेन्द्र मुणोत ने कहा कि गाय की सेवा कर हम अपना जीवन धन्य कर सकते है। घर में गाय पालने से सभी प्रकार के वास्तु दोष व नकारात्मक



उर्जा नष्ट हो जाती है। मुणोत ने गोशाला को आर्थिक सहयोग देते हुए भक्तों को गो सेवा के लिए प्रेरित किया। गो भक्त महेंद्र वैष्णव ने कहा कि हमें संकल्पित रूप से साझा प्रयास कर गौसेवा करनी होगी तभी गौवंश को बचाया जा सकता है। समाजसेवी शांतिलाल जैन ने कहा कि प्रत्येक व्यकि को गौ सेवा हेतु आगे आना चाहिए एवं गौसेवा को पेशा बनाकर इसे आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। रमेश भंडारी ने कहा कि गौशालाओं में गाये स्वय अपना खर्च केसे निकाले इस हेतु प्रयास आवश्यक है। भजन संध्या में ओम मुडेल ने प्रस्तुत भजन - गोमाता की रक्षा करोला तो हो जालेवा बेड़ा पार -- पर पुरा परिसर जय श्रीराम के उदघोष से गुजांयमान हो गया। राधेश्याम माली ने वारी जाऊ बलियारी जाऊ%--- वीणों वाजे सांवरीयां थारा नाम रो---खोल आडो खोल जसोदा मां , भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजन गायक कैलाश पवांर ने म्हारी मां के बराबर कुछ भी नही ---पगलिया म्हारे दो माताजी आंगणे भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर बाबुलाल सीरवी, चेनाराम सीरवी, चिमनाराम सीरवी, समाजसेवी सुरेश सैणचा, प्रताप सीरवी आरएसएस, नेमाराम सैणचा, जोगाराम सेपटा, ओमप्रकाश माली, भिंजाराम पटेल, शेषाराम प्रजापत, राजूराम जाट, भोलाराम पंवार, घेनाराम हनपरा, मांगीलाल गहलोत, गुणेश राम परिहार, रतनलाल मुलेवा, घेवरलाल, श्रवणलाल, जयराम, नारायणलाल, देदाराम पंवार, भेराराम चोयल, रतनलाल पंवार उपस्थित रहें। इस मौके पर कार्यक्रम स्थल पर प्रसादी का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजस्थानी प्रवासी 36 कौम के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहन सीरवी ने किया।

# पिपलाद में भगवान जानरायजी मेला 26 मार्च को



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू।** चिकपेट डिके लेन स्थित सैणचा भवन में सैणचा भगत परिवार की आम सभा बैठक हुई । राजस्थान पाली जिले सोजत तहसील के गांव पिपलाद में स्थित जानरायजी भगवान मेला के उपलक्ष मै तैयारियां को लेकर पदाधिकारियों ने जानकारी दी। वेनाराम सैणचा ने बताया कि प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष भी जानरायजी भगवान का भव्य मेला दिनांक 26 मार्च मंगलवार को भरा जाएगा। इस अवसर पर नई एंबुलेंस का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर शेषाराम सेंणचा, अमराराम सेंणचा, मनोहर, थानाराम, सुरेश, उमाराम, राजूराम, महेंद्र सैणचा मौजूद थे।

# लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने के उद्देश्य से पुलिस ने गांव गांव निकाला फ्लेग मार्च





दैनिक पुष्पाजलि टुडे

**गोहद लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद प्रशासन अलर्ट है। विधानसभा चुनाव की तरह ही लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हो सकें।इसको लेकर गोहद एसडीओपी सौरभ कुमार, थानाप्रभारी मनीष धाकड़ के साथ लगभग एक सैकड़ा से अधिक सीआरपीएफ एवं पुलिस के जवान शामिल थे। समस्त पुलिस बल के साथ पुलिस ने पुर,जियाजीपुर,कमलापुर,आलोरी,पिपरौली, ऐंचाया,गोहद सहित लगभग आधा दर्जन से अधिक गांवों में फ्लैग मार्च निकाला और लोगों को समझाईस दी कि लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करें,त्योहार को शांतिपूर्ण मनाएं, कोई भी परेशानी हो तो पुलिस को सूचना दें।**

# चाचौड़ा जिला गुना न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत

***योगेश शर्मा राजोरिया***
***पुष्पांजलि टुडे***




*न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी चांचौडा ने धारा 138 पराक्रम अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण क्रमांक 4 / 19 मध्यांचल ग्रामीण बैंक शाखा मृगवासविरुद्ध पूर्ण सिंह मीणा निवासी पिपलिया तहसील कुंभराज को चेक बाउंस होने पर दोषी प्रमाणित पाया और कारावास और जुर्माना तथा चेक राशि ब्याज सहित जमा करने का निर्णय पारित किया बैंक की ओर से पक्ष समर्थन श्री सतीश लाहोटी जी एडवोकेट चाचौड़ा ने किया बैंक की ओर से सतीश लाहोटी जी को बधाई प्रेषित की गई*

# सरस्वती विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल मिसिरगवां में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**हनुमना(पुष्पांजली टुडे)।** सरस्वती विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल में आज मां सरस्वती का पूजन एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन रमाशंकर मिश्र के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय के प्राचार्य आर आर शुक्ला बीआरसी हनुमना , बीईओ हनुमना , संकुल प्राचार्य श्री प्रमोद सिंह , स्वच्छाग्रही प्रेरक संघ हनुमना अध्यक्ष विरेन्द्र तिवारी, रामबहुर तिवारी , विद्यासागर तिवारी , सरोज तिवारी , शिवसागर तिवारी , विनय तिवारी , अनुराग द्विवेदी , अनिल द्विवेदी, सुसज्जित तिवारी , हनुमना जनपद पंचायत अंतर्गत कई ग्राम पंचायत सरपंच एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे साथ ही विद्यालय




के शिक्षक शिक्षिका एवं अभिभावक गढ़ भारी तादाद में उपस्थित होकर विद्यालय प्रांगण की गरिमा को बढ़ाने में अपना अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया।

**विद्यालय में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया**-विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा कार्यक्रम को बड़े ही अच्छे तरीके से कार्यक्रम को संपन्न किया गया जिसमें विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का भरपूर सहयोग रहा साथ ही प्राचार्य आनंद मिश्रा के द्वारा छोटे-छोटे बच्चों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र बीआरसी हनुमना के द्वारा प्रदान किया गया । साथ ही बच्चों का मनमोहक कार्यक्रम देश भक्ति एवं छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा गरिमा मयी प्रस्तुत बड़ी ही सराहनी रही विद्यालय परिवार कई तरह से बच्चों की मनोहर छवि बनाकर प्रस्तुत किया जिसमें विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाओं का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान रहा । स्कूल प्राचार्य आनंद मिश्रा के द्वारा सभी अथितियों के आगमन पर आभार व्यक्त किया गया ।

# गोविन्दगढ थाना पुलिस द्वारा 16 वर्षीय नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)** ।गोविन्दगढ थाना क्षेत्रान्तर्गत से 16 वर्षीय नाबालिग बालिका के अचानक रहस्यमय तरीके से गुम हो जाने पर से गुमसुदा ल?की के पिता की रिपोर्ट पर थाना गोविन्दगढ रीवा में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 64/2024 धारा 363 IPC का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया गुमसुदा/अपहृत नाबालिग बालिका की लगातार तलाश पतारसी की जा रही थी। गुमसुदा बालिका की पता तलाश के अनुक्रम में थाना प्रभारी गोविन्दगढ शिवा अग्रवाल द्वारा थाना स्टॉप की मदद से रीवा पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनिल सोनकर के कुशल निर्देशन




व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रीवा श्रीमति हिमाली पाठक के कुशल मार्गदर्शन में थाना गोविन्दगढ से पुलिस टीम भेजकर गुमसुदा नाबालिक बालिका को दस्तयाब कर बाद पूछताछ परिजनों को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया।

****महत्पूर्ण भूमिका-थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल , एएसआई संतोषी सिंह आर. कौशलेंद्र सिंह आर.उपेन्द्र सिंह**

# , माताटीला SST चैकिंग पाइंट को एसडीएम पिछोर एवं एसडीओपी पिछोर द्वारा भ्रमण कर किया चैक





**संवादाता हरिओम परिहार**

**पिछोर एवं एसडीओपी पिछोर द्वारा भ्रमण कर किया चैक ।***

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ द्वारा आगानी चुनावों एवं त्योहारों के मद्देनजर जिले के अंतर्राज्यीय एवं अंतर जिला सीमा पर स्थित थानों को एफएसटी एवं एसएसटी नाके लगाकर वाहन चैकिंग करने हेतु एवं जिले की सीमा से वाहर से आने बाले अवैध शराब, हथियार एवं आरोपियों पर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे सीमा पर स्थित थानों द्वारा जिले की सीमा पर नाके लगाकर कार्यवाही एवं आने जाने बाले वाहनों व लोगों की चैकिंग की जा रही है । इसी क्रम मे पिछोर सीमा माताटीला पर स्स्ज्ञ नाका लगाया गया है । माताटीला स्थित स्स्ज्ञ नाके पर आज दिनांक 24.03.2024 को एसडीएम पिछोर श्री जेपी गुप्ता और एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से माताटीला स्थित स्स्ज्ञ नाके का भ्रमण किया एवं पुलिस द्वारा की जा रही कार्यवाही का जायजा लिया ।

# बेटी की गुहार सुन मदत मे आगे आया विप्र सेवा संघ

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)** ।बेटी की गुहार सुनकर हमेशा की भांति पी?ित मानवता के मदत के लिये आगे आया विप्र सेवा संघ यज्ञ नारायण मिश्रा उम्र 45 बर्ष की मौत तीन दिन पहले मदुरई तमिलनाडु मे हो गई आज शाम डेड बॉडी गृह ग्राम मे आयेगी जंहा अंतिम संस्कार किया जायेगा मिश्रा जी को हार्ट की बीमारी थी लेकिन पैसे की तंगी के कारण न इलाज कराया ना परिबार को बताया मृतक के परिवार मे तीन लड़की,बालक,माँ और पत्नी है आय का कोई साधन नहीं है रहने के लिये मकान नहीं परिबार अत्यंत गरीब है यंहा तक कि अंतिम संस्कार के लिये आर्थिक संकट से जूझ रहा है बेटी ने सोशल मिडिया पर मदत की गुहार लगाई यह बात विप्र सेवा संघ के राष्टीय अध्यक्ष राजीव शुक्ला को लोकमन शुक्ला और सोशल मिडिया के



माध्यम से प्राप्त हुई श्री शुक्ल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात किये सहयोग के तौर 40 हजार रूपये की आर्थिक मदत की गई साथ ही बच्चे की पढाई, मकान के लिये हर संभव मदत करेंगे सरकारी योजनाएं जिनका लाभ परिवार को नहीं मिल रहा ओ भी दिलाया जायेगा पत्रकार उपेंद्र द्विवेदी जी और रामु गर्ग ने राशन दिलाने की जिम्मेदारी ली विप्र सेवा संघ की तरफ से इन्होने ने किया सहयोग राजीव शुक्ला, सागर मिश्रा, विवेक तिवारी, बेनीमाधब शर्मा, डॉ एस एन तिवारी,अजय पाण्डेय, नीरज दुबे, प्रो महेश शुक्ला, हेमंत चतुर्वेदी,जानबी गौतम,मुनीश तिवारी, आनंद मिश्रा, अंजनी शुक्ला,अशोक मिश्रा,विनय त्रिपाठी, धीरेन्द्र पाण्डेय, शिवाकांत पाण्डेय, नित्यानंद मिश्रा, शिवम प्यासी, रंगनाथ तिवारी, हनुमान मिश्रा और अमित त्रिपाठी, अमित पाठक, योगेंद्र गौतम ने सहयोग किया

# मेहरबान सिंह कंजर बने ग्राम पंचायत गुलवाड़ा के अध्यक्ष



**योगेश शर्मा राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

मध्य प्रदेश किसान कल्याण संघ द्वारा ग्राम गुलवाड़ा में,पंचायत स्तर का किसान सम्मेलन, कोरीपुरा गुजरात का डेरा में आयोजित किया गया, किसान सम्मेलन में किसनों की समस्या पर चर्चा की गई और उनकी समस्या के निराकरण हेतुनिर्णय लिया, रणवीर सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष मध्य प्रदेश किसान कल्याणसंघ, देवेंद्र सिंह खींची तहसील अध्यक्ष कुंभराज, भगवान सिंह जादौन संगठन मंत्री तहसील कुंभराज के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह खींची एवं संगठन मंत्री भगवान सिंह जादौन द्वारा ग्राम पंचायत गुलवाड़ा में कोरीपुरा गुजरात के डेरा पर संघ की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में शामिल हुए।।निराकरण हेतु संघ द्वारा पंचायत स्तर पर किसान कल्याण संघ की ओर स; किसान कल्याण रणवीर सिंह राजपूत के अनुसार साथी देवेंद्र सिंह राजपूत तहसील अध्यक्ष द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मेहरबान सिंह धाकड़ के अध्यक्ष नियुक्त किसानों में हर्ष है किसान कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह राजपूतान अतिथि के रूप में उपस्थित हुए संघ के तहसील और जिला के पदाधिकारी ने किसानों की समस्या के लिए पूर्ण आश्वासन दिया।कमल सिंह कंजर,रोहित कंजर फूल सिंह कंजर,अभिनंदन कंजर,विजय कंजर,पवन कंजर,धर्मेंद्र कमलेश,बृजमोहन सहित ग्राम पंचायत क्षेत्र के किसानों ने किसान संघ के जिला और तहसील स्तर के पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया

**केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पहुँचे मुंगावली**

# महारानी अवंति बाई लोधी बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हुए सम्मलित महारानी अवंति बाई लोधी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिलाई भाजपा की सदस्यता





**मुंगावली-दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**संवाददाता जितेंद्र राय-**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया रविवार को मुंगावली पहुँचे जहाँ पर सिंधिया लोधी समाज द्वारा महारानी अवंति बाई लोधी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में सम्मलित हुए जहाँ लोधी समाज द्वारा सिंधिया का जमकर स्वागत किया गया। इस दौरान सिंधिया द्वारा दर्जनों कांग्रेसियो को भी भाजपा की सदस्यता दिलाई। आपको बता दे कि सिंधिया गुना लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी है उनके द्वारा मंच से लोधी समाज एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से अपने अपने बूथ को मजबूत करने ओर लोकसभा चुनाव के अधिक से अधिक मतों से विजय बनने की अपील की गई है साथ ही अपने अपने बूथ पर 370 मत अधिक भाजपा के पक्ष में डलवाने की अपील की गई।कार्यक्रम में उपस्थित लोधी लोधा महासभा के राष्टीय अध्यक्ष राम गोपाल राजपूत डॉक्टर भागवत लोधी ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञान सिंह श्री रामकृष्ण लोधी सरपंच जमा खेड़ी जिला महामंत्री भाजपा अशोक नगर संजीव लोधी सरपंच राजकुमार नरवरिया सरपंच रविंद्र लोधी सरपंच नावनी धर्मवीर लोधी जनपद उपा अध्यक्ष चंदेरी ज्ञानसिंह लोधी अध्यक्ष रामबाबू लोधी बृजेंद्र लोधी सरपंच जारसल भरत लोधी गोधन लोधी शैलेश लोधी देवेंद्र लोधी मनीष लोधी ब्रजेश लोधी असमन लोधी प्रतिपाल लोधी राजेश लोधी महेंद्र लोधी रानू लोधी

# शिवपुरी पुलिस द्वारा एक्सीडेंट मे घायल व्यक्ति शासकीय वाहन मे अस्पताल पहुंचाया, एक्सीडेंट की सूचना पर से थाना सतनबाड़ा द्वारा घायल व्यक्ति को समय पर अपस्ताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

शिवपुरी,पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ के द्वारा आगामी चुनावों एवं त्योहारों के चलते जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को अलर्ट पर रहने हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिस अधिकारियों को घटना की सूचना मिलते ही तुरंत कार्यवाही करने एवं घटना स्थल पर पहुंचने के लिये निर्देशित किया गया है । जिसके पालन मे पुलिस थाना सतनाबाड़ा सतनाबाड़ा पर एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी एवं उनकी पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचर घायल को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई ।दिनांक 24.03.24 को करीव दोपहर 15.00 बजे यूआईटी कालेज के सामने एवी रोड सतनवाडा पर एक एक्सीडेन्ट मे गंभीर रूप से घायल होकर एक व्यक्ति के रोड पर पड़े होने की सूचना प्राप्त हुयी, जिस पर तुरंत कार्यवाही करते हुये थाना सतनवाडा से थाना प्रभारी उनि. राज कुमार सिह चाहर मय फोर्स के रवाना होकर मौके पर पहुंचे, घायल व्यक्ति को देखा तो उसके सिर मे बांये पैर मे गंभीर चोट होकर तेज खून बह रह था, वहा खडे जनता के लोगो से पूछा को उन्होने कहा घटना कैसे हुयी यह तो नही पता लेकिन हमने 108 एम्बूलैन्स को फोन कर दिया है । उक्त गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को,



108 एम्बूलैन्स का इन्जार न करते हुये तत्काल थाना मोवाइल से ले जाकर सतनवाडा अस्पताल मे इलाज हेतु भर्ती कराया गया एवं घायल की जान बचाई गयी । घायल व्यक्ति जिसका नाम सुनील आदिवासी पुत्र केदार आदिवासी उम्र 28 साल निवासी बेलखेडा थाना आरौन जिला ग्वालियर को होना बताया है ।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सतनवाडा उनि. राज कुमार सिंह चाहर, प्रआर 571 भगवान लाल, आर 1034 दीपक किरार, आर. 1139 विनोद राठोर, आर 1128 आसिफ खान, आर चालक 114 शिवराज हिण्डोलिया का सराहनीय योगदान रहा है ।

# होली मनाने का तरीका

**योगेश शर्मा**
**पुष्पांजलि टुडे**

भील समाज के सभी गांवों में एक जैसी होली मनाने की परम्परा है। गांव के मुखिया या पटेल विधि विधान से होलिका का पूजन कर पकवान से भोग लगाया जाता है तदोपरांत सभी गांव के लोग होलिका का पूजन करते हैं मध्य रात्रि को होलिका दहन किया जाता है। दूसरे दिन प्रातः काल गांव की महिलाएं। गांव मुख्य देवस्थल मन्दिर पर जल सींचती है साथ ही गांव के सभी देवताओं को महिलाएं जल चढ़ाकर होलिका दहन स्थल पर जल सींच कर सभी महिलाएं एक दूसरे पानी की होली करतीं हैं पहले धूल,मिट्टी, गोबर से खेलते थे परन्तु यह सब परम्पराए अब कहने, सुनने के कहानी किस्से जैसे प्रतीत हो गया।

# थाना सिरसौद पुलिस द्वारा दो अलग अलग स्थानो से 05 आरोपीगणो को हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेलते हुये पकडे कर कुल राशि 4790 रूपये जप्त किये।

*राकेश परिहार पिछोर*
*9691338626*

*शिवपुरी,पुलिस अधीक्षक महोदय जिला शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड दवारा थाना क्षेत्र में जुआ सटटा एवं अवैध शराब एवं फरार आरोपी व स्थाई वारण्टियो के विरूध कडी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये थे उक्त निर्देशो के पालन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मूले तथा श्रीमान एसडीओपी महोदय पोहरी श्री सुजीत सिह भदौरिया के मार्ग दर्शन थाना सिरसौद पुलिस को मुखविर दवारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम राजा की मुडैरी जाटव मोहल्ला पिपल के चबुतरे पर कुछ लोग रूपये पैसो से हारजीतका दांव लगाकर ताश पत्तो से जुआ खेल रहे थे उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन में पुलिस बल के साथ मुखबिर दवारा बताये स्थान पर पहुँच कर दीवाल की आड़ से छुपकर देखा तो तीन व्यक्ति रुपयों से हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे थे भौराना रोड राजा की मुडैरी हनुमान मंदिर के पीछे भी दो व्यक्ति ताश पत्तो से हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है हमराही फोर्स के साथ दविश देकर जुआ खेल रहे 05 व्यक्तियो को घेर कर पकडा जिनसे कुल जुआ राशि 4790 रूपये मिले। इनकी रही भूमिका:-*

*उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना सिरसौद उनि. मुकेश दुवोलिया, सउनि जगदीश भिलाला, प्र.आर. 797 सन्तोष बैश, प्र. आर. 1000 सोनू. रजक, आर.861 आशीष सिंह, आर. 760 संजीव शर्मा आर.613 मनोज कुमार, आर.87 अमरीश सिंह, आर. चालक 501 राजेश मिश्रा की विशेष भूमिका रही।*

# विश्व टीबी दिवस 24 मार्च 2024 पर एकजुट होकर दिया टीबी मुक्त भारत का संदेश

फिरोजाबाद । विश्व टीबी दिवस 24 मार्च 2024 के अवसर पर जनआधार कल्याण समिति द्वारा विभिन्न सरकारी/ गैर सरकारी संगठनों के समन्वय से विशेष जागरुकता सप्ताह चलाया गया। जिसमें, टीबी रोग से संबंधित आवश्यक जानकारियां बताई गई और सभी ने एकजुट होकर ÷टीबी मुक्त भारत÷ का संदेश दिया।समस्त जनपद वासियों को होलीकोत्सव और विश्व टीबी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ ब्रज मोहन ने बताया कि, टीबी, तपेदिक या क्षयरोग पैदा करने वाले जीवाणु की खोज जर्मन के फिज़ीशियन और माइक्रोबायोलॉजिस्ट रॉबर्ट कोच ने 24 मार्च, 1882 में की थी। की विश्व स्वास्थ्य सभा और संयुक्त राष्ट संघ द्वारा आधिकारिक तौर पर इसे एक दशक के बाद वार्षिक कार्यक्रम के रूप में चिन्हित किया गया। तभी से संपूर्ण विश्व में हर वर्ष 24 मार्च को विश्व क्षयरोग दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1997 में विश्व निकाय के टीबी नियंत्रण कार्यक्रम डॉट्स के स्वास्थ्य सफलता के बाद अधिकारिक तौर पर पहला विश्व क्षयरोग दिवस मनाया गया।जिला पीपीएम समन्वयक मनीष कुमार ने बताया कि, फैक्ट्रियों में कांच की चूड़ियां, बर्तन व अन्य सामान बनाते समय उड़ने वाले कांच की रेत के अत्याधिक सूक्ष्म कण हवा में घुल कर व्यक्ति के शरीर में स्वांस के




साथ अंदर चले जाते हैं। जो फेफड़ों को बुरी तरह से ज़ख्मी कर देते हैं, प्रभावित होने वाले व्यक्ति को इससे खांसी होती है।÷यदि दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक खांसी रहती है या खांसी के साथ बलगम अथवा बलगम के साथ खून आता है, तो यह टीबी का संकेत है।÷ इसे नज़र अंदाज न करें। तत्काल, अपने नज़दीकी चिकित्सक या जिला अस्पताल में क्षयरोग विशेषज्ञ से जांच कराएं अन्यथा टीबी जानलेवा भी हो सकती है।जिला कार्यक्रम समन्वयक आस्था तोमर ने बताया कि, लगातार वजन घट रहा है, भूख कम लगती है, सीने में दर्द रहता है तो इसे गंभीरता से लेते हुए अपने नज़दीकी चिकित्सक अथवा ज़िला क्षयरोग नियंत्रण केंद्र पर जांच अवश्य करा लें। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के अंतर्गत समस्त सरकारी केन्द्रों पर टीबी रोग से ग्रसित गंभीर से गंभीर मरीज़ों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।

महिला कल्याण विभाग के सखी वन स्टॉप सेंटर की मनोवैज्ञानिक परामर्श दाता शिक्षा सारस्वत ने बताया कि, अच्छा खान-पान न करने वालों को टीबी ज़्यादा होती है क्योंकि, कमज़ोर इम्यूनिटी से उनका शरीर बैक्टीरिया का वार नहीं झेल पाता है। जब कम जगह में ज़्यादा लोग रहते हैं तब इन्फेक्शन तेज़ी से फैलता है।महिला कल्याण विभाग की जिला समन्वयक मोहिनी शर्मा ने बताया कि, अंधेरी और सीलन भरी जगहों पर भी टीबी ज़्यादा होती है क्योंकि टीबी का बैक्टीरिया अंधेरे में पनपता है। यह किसी को भी हो सकता है। स्मोकिंग करने वाले को टीबी का खतरा ज़्यादा होता है।

# रूढ़िवादी सामाजिक सोच को दर किनार करते हुए पिता की अर्थी को कंधा और मुखाग्नि देकर बेटी ने प्रस्तुत किया उदाहरण

## स्वर्णकार, जौहरी व ज्योतिषाचार्य सुनील कुमार शर्मा उर्फ बबली को अंतिम विदाई देने शमशान स्थल तक पहुंचीं बहनें





**फिरोजाबाद** । समाज में व्याप्त तमाम रूढ़िवादी सोचों में से एक कि, ÷पिता की चिता में मुखाग्नि सिर्फ बेटा ही दे सकता है, बेटियां नहीं,÷ से ऊपर उठकर बड़ी बेटी शिवानी ने न सिर्फ, पिता की अर्थी को कंधा लगाया, बल्कि श्मशान घाट पर मुखाग्नि देकर अपना फर्ज अदा किया और उन लोगों के लिए जीता जागता उदाहरण प्रस्तुत किया जो, बेटा और बेटियों में अन्तर महसूस करते हैं।बताते चलें कि, सुनील कुमार शर्मा उर्फ बबली जनपद के जाने माने स्वर्णकार व जौहरी थे। ज्योतिष तथा कुण्डली में भी विशेष ज्ञान होने की वजह से, उनकी ख्याति सिर्फ, जनपद में ही नहीं बल्कि, देश विदेश तक थी। जो कि, महज उनका एक शौक था और यह कार्य वह निःशुल्क जन सेवार्थ किया करते थे। पत्नी रेखा शर्मा छोटी बेटी आशि शर्मा के साथ जोधपुर में और बड़ी बहन देवीना शर्मा रायपुर व मनीषा शर्मा और बड़ी बेटी शिवानी हैदराबाद में अपनी ससुराल में थीं। घटना की सूचना मिलते ही सभी देर रात तक फिरोजाबाद पहुंच गए गए थे। उसके बाद अगले दिन 22 मार्च, शुक्रवार को छार बाग स्थित स्वर्गाश्रम में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार करने के पश्चात शाम 5 से 6 बजे तक गली तिलक भवन के एमजीएम स्कूल परिसर में उठावनी की गई। जिसमें, सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी और रिश्तेदार भी शामिल हुए।अपने घर से स्टेशन रोड स्थित बैंक की तरफ जाते समय जय श्री टॉकीज स्थित देवी मंदिर के पास एक व्यक्ति के चलते चलते अचानक सड़क पर गिर जाने का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मृतक के परिजनों व परिचितों के साथ साथ मित्रों में कोहराम मच गया। कुछ ही देर में यह खबर जंगल में आग की तरह चारों तरफ फैल गई। हर कोई आश्चर्य चकित और शोकाकुल था। क्योंकि, मृतक पूरी तरह से स्वस्थ था। जिसकी, पहचान 52 वर्षीय, सुनील कुमार शर्मा उर्फ बबली पुत्र माधव किशोर शर्मा निवासी गली तिलक भवन के नाम से हुई। घटना 21 मार्च, वृहस्पतिवार की दोपहर लगभग साढ़े बारह बजे की है।

**अचानक सड़क पर गिरकर हुई मौत**–घटना वाले दिन सुनील कुमार शर्मा हमेशा की तरह लोगों से मिलते हुए अपने घर से एसएन रोड स्थित बैंक की तरफ जा रहे थे। अभी, वह जय श्री टॉकीज स्थित देवी मंदिर के निकट पहुंचे ही थे कि, अचानक उन्हें, बैचेनी सी हुई और जब तक कोई कुछ समझ पाता वह अचानक सड़क पर गिर पड़े। आनन फानन में उन्हें सरकारी ट्रॉमा सेंटर लाया गया। जहां, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। तब तक, मृतक की चाची सूबी उर्फ डॉली पत्नी स्व. जुगल किशोर और सुमन पत्नी स्व. कमल किशोर के साथ साथ आशुतोष पाराशर व मित्र विजय कुमार वर्मा उर्फ डौली भी ट्रामा सेंटर पहुंच चुके थे।

**स्टेटस पर की गई पोस्ट बनी चर्चा का विषय**–इसे मौत से पूर्व होने वाला आभास कहें या फिर इत्तिफाक कि मरने से एक दिन पहले बुधवार की रात को साढ़े दस बजे सुनील कुमार शर्मा ने अपने व्हाट्स एप के स्टेट्स पर जलती हुई चिता का वीडियो लगाया था। जो, दिन भर चर्चा का विषय बना रहा। चार लाइनों में लिखा हुआ था -

**आज जिंदा हैं कल गुजर जाएंगे,**
**कौन जानता है कब बिछड़ जाएंगे,**
**नाराज़ न होना हमारी शरारतों से ए दोस्त,**
**ये वो पल हैं जो, कल बहुत याद आयेंगे ।।**

# मेधावी छात्रों को पूर्व विधायक ने किया सम्मानित



जनपद मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना कस्बे के बडोत रोड पर स्थित केसरी एवन कोचिंग सेंटर में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक उमेश मलिक रहे। वही कोचिंग के संचालक संजीव बालियान ने बताया कि हर माह हमारी संस्था में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है। वहीं इसी क्रम के चलते होली मिलन कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता में प्रथम श्वेता लुहसाना व द्वितीय स्थान मुस्कान बुढ़ाना को प्राप्त किया। जिन्हें पूर्व विधायक उमेश मलिक ने सम्मानित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष भारत ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष पुनीत पवार, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, अंकुश राठी, वैभव डबास, पंकज प्रजापति, कुलदीप, शिवम, अनुज आदि सहित संस्था का स्टाफ मौजूद रहा।

# शत प्रतिशत मतदान के लिए,होली के रंग मतदान के संग, जागरूकता कार्यक्रम किया गया



कैलारस लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप गतिविधियां करने लोगो को जागरूक करने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुरैना द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलारस पर मतदान प्रतिशत बदने के लिए होली के रंग , मतदान के संग के नाम से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे आगामी लोकसभा चुनावों में मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान की अपील की कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक मतदाता को मतदान करने हेतु प्रेरित करना व 100त्न मतदान सुनिश्चित करना है ।इस अवसर पर 18 वर्ष से अधिक उम्र के छात्र-छात्राओं एवं उनके पालकों स्टाफ की कार्यक्रम सहभागिता रही इस कार्यक्रम में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी देवेंद्र हरदेनिया , विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रीति शर्मा महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती रचना जैन , श्रीमती लता धाकड़, मनोज वर्मा, अशोक माहोर श्रीमती रंजना मिश्रा,श्रीमती मनीषा गोयल जयराम सोलंकी, अतुल शर्मा आदि विभागीय काधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे इस अवसर पर शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए शपथ भी दिलाई गई

# व्यक्ति में यह विवेक होना चाहिए कि वह एक शाश्वत अस्तित्व है : श्री माताजी

सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने कुंडलिनी जागरण द्वारा मानव के समक्ष आत्मा व परमात्मा के एकीकरण का मार्ग प्रशस्त किया। यह मार्ग सभी के लिए है बस आवश्यकता है बिना किसी पूर्वाग्रह व वाद - विवाद के इसका अनुभव प्राप्त करने की। सत्य यह कि हम सभी स्वयं को मात्र एक देह मानकर चलते हैं । हमारा संपूर्ण जीवन इस देह की संतुष्टि में ही प्रयासरत रहता है। हम ये जानने का प्रयास भी नहीं करते कि जब देह नहीं होगी तब हम क्या होंगे ड़ श्री माताजी ने अपनी अमृतवाणी में इसकी व्याख्या इस प्रकार की है कि,÷व्यक्ति को जीवन के बारे में अत्यंत विवेकशील और सूझबूझ वाला दृष्टिकोण रखना होगा, यह कि आप स्वंय शाश्वत जीवन हैं, यह कि आप स्वंय शाश्वत अस्तित्व हैं, और यह कि आप इस धरती पर परमात्मा के बनाए आशीर्वादों का आनंद लेने के लिए आए हैं, न कि रोने-धोने के लिए, चिल्लाने के लिए,



और दोषी महसूस करने के लिए। यह आपका काम नहीं है। पहली चीज़ यह है कि यही विवेकशीलता है कि आपको छोटी-छोटी तुच्छ चीज़ों के लिए दुखी नहीं होना है....... यहाँ आपके लिए आनंद बिखरा हुआ है। (24 अप्रैल 1980)अपने आप में आप एक अभिनव कंप्यूटर हैं और आपको केवल मुख्य स्त्रोत से जुड़ना है। लेकिन यह संदेश मिलने के बाद भी, वे इससे जुड़ना नहीं चाहते.... मगर यही एक चीज है जिसके लिए आप इस दुनिया में आये हैं। आप विकास प्रक्रिया मे एक अमीबा से इस अवस्था तक पहुँचे है।....एक माँ के स्वरूप में, मैं आपसे कहती हूँ कि यही आपका राज्याभिषेक है। आपके पिता स्वयं सारी शक्तियाँ प्रवाहित करने के लिए व्याकुल हैं, जो वास्तव में सर्वशक्तिमान हैं। वह चाहते है कि आप परमेश्वर के राज्य में प्रवेश करें और आप इसे प्राप्त करें क्योंकि इसे प्राप्त करना आपका (30.04.1980)सहजयोग में मां के आशीर्वाद से परमात्मा की अनेक शक्तियों से साक्षात् करने का अनुभव आप प्राप्त करते हैं। बस इसके लिए एक ही योग्यता की आवश्यकता है शुद्ध इच्छा व निर्मल मन।नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं

# कुदरत के नियम को तोड़ने पर रक्षक प्रकृति बन जाती भक्षक-संत उमाकांत जी महाराज

## प्रभु से प्रेम, उन पर विश्वास होने पर वो प्रेम में आपके लिए सब कुछ करेंगे

उज्जैन (म. प्र.)इस समय के पूरे समर्थ सन्त सतगुरु दुखहर्ता उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने होली कार्यक्रम में 24 मार्च 2024 प्रातः दिए सन्देश में बताया कि जब आप छोटे बन जाओगे, प्रभु पर विश्वास कर लोगे, उनसे प्रेम कर लोगे, उनके हो जाओगे, वो तो आपको अपना मानते ही हैं, तो कोई चीज कहने (मांगने) का ही नहीं रहेगा. उनसे प्रेम होने पर वो प्रेम में आपके लिए सब कुछ करेंगे. प्रेम होने पर जो इच्छा किन्ही मन माहि, यानी इच्छा करते ही वो चीज हाजिर हो जाती है. दुनिया की चीजें क्या, उपरी लोकों की चीजें भी आसान हो जाती हैं. सेवा का बड़ा लाभ मिलता है. कर्मों की सजा से आज तक कोई बच नहीं पाया. यदि लोगों को कुदरत की सजा मिलने लग गयी, यही कुदरत जो रक्षक है, यही अगर भक्षक बन गयी, यही सूरज जो रौशनी, गर्मी दे कर विकारों को, अँधेरे को दूर करता है, यही सूरज की रौशनी अगर तेज हो गयी, सुबह अगर दोपहर जैसी गर्मी जब हो जाएगी, दोपहर में ये शरीर जलने तपने लगेगा, खालें जैसे गर्म पानी पड़ने पर उजड़ जाती है वैसे जब उजड़ने लगेगी तबड़ तो ये ही रक्षक हैं. जब इनके नियम का उल्लंघन हो जाता है, तो ये भक्षक हो जाते हैं. यही (जीवनदायी) हवा, लू शीतलहर के रूप में तकलीफदाई हो जाती है, यही पानी उपर जाकर ओला पत्थर के रूप में गिरने लग गया तब कोई आदमी, जानकार, फसल बचेगा

**शाकाहारी नशामुक्त बनाओ, कुदरत को मनाओ**–तो लोगों को इनकी नाराजगी से



बचाना है. इन देवताओं को खुश रखना है। भगवान ने पेड़ पौधे, मनुष्य के लिए बनाए, जो दूषित हवा को साफ करते, अगर इन्हें काट दोगे तो कहां से ऑक्सीजन मिलेगीड़ जो जानवर, कीड़े-मकोड़े आदमी की रक्षा के लिए बनाए गए उन्ही को जब मार करके खा जाओगे तो कहां से आदमी की रक्षा होगीड़ चाहे लोग कितने भी धार्मिक बन जाए लेकिन यह जो जीव हत्या का पाप कर्म है, जिस शरीर में दया धर्म, परोपकार, सेवा भावना, सच्चाई न हो, उसके अंदर वह प्रभु कैसे निवास कर पाएगा, कैसे प्रभु की दया उसे मिलेगी

**कोउ करे अपराध और कोई पावे फल भोग**–आगे समय खराब आएगा। अगर लोग नहीं मानेंगे, और आप जो लोग सुन (पड़) रहे हो, आप भी अगर एक कान से सुनकर दूसरे से निकाल दोगे, और यदि खराब समय से लड़ने लायक अपने आप को नहीं बनाओगे, अपनी आत्मा को बलवान ताकतवर नहीं बनाओगे तो (असर) आपके, हमारे, किसी के भी ऊपर आ सकता है। जैसे कोई अपराध करता है और फल दूसरे को मिल जाता है, कैसेड़ जैसे पड़ोस के घर में आग लग गई, और आपके घर पर जयगुरुदेव लिखा हुआ है, गुरु की फोटो लगी है, ध्यान भजन करते हो, तो घर आपका भले ही न जाले लेकिन आप घर से भागोगे जरूर क्योंकि लोग कहेंगे भागो-भागो नहीं तो जल जाओगे इसमें और आप घर से बाहर निकलने लग गए। बाहर, अगल-बगल के घर में, सामने आग लगी है, आप निकाल करके जाओगे तो भले ही जलो न, लेकिन शरीर तो झुलासेगा ही, असर तो आएगा ही। इसलिए आप लोगों को बचाओ, प्रकृति के नियम के खिलाफ जो काम कर रहे हैं उनको समझाओ, बताओ उनका नाम से जोडो।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

## सैद्धांतिक प्रशिक्षण के साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दे...कलेक्टर

**आलोक बरवा सम्भागीय ब्यूरो**

मनेंद्रगढ़/ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डी. राहुल वेंकट तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकरी श्री अनिल कुमार सिदार की उपस्थिति में आज लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मास्टर ट्रेनर्स को जिला कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया।कलेक्टर ने समस्त मास्टर ट्रेनरों को सैद्धांतिक प्रशिक्षण के साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण देने कहा। व्यवहारिक प्रशिक्षण से अधिकारी कर्मचारी कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट तथा व्हीव्ही पैट मशीन की अच्छी जानकारी होती है। इसके साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान हैण्ड ऑन प्रशिक्षण भी कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि मतदान दलों का प्रशिक्षण तीन चरणों में किया जाना है। मतदान दल का सामान्य प्रशिक्षण 27 एवं 28 मार्च 2024, प्रथम चरण का प्रशिक्षण 3 एवं 4 अप्रैल 2024 को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 18 एवं 19 अप्रैल 2024 को तथा तृतीय चरण का प्रशिक्षण 29 एवं 30 अप्रैल 2024 को किया जायेगा।जिसमें जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री संजीव कुमार के द्वारा पोस्टल बैलेट पेपर, ईडीसी जारी करने की प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी प्राप्ति के फार्म, नियम, मतांकन सुविधा केन्द्र, वोटर्स की जानकारी तथा विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों की विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर एच.एम अन्सारी ने मतदान के दिन मतदान दल का क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। इसकी विस्तार से जानकारी दी, उन्होंने बताया कि मॉकपोल 90 मिनट पूर्व प्रारंभ करना है अभिकर्ता न हो तो 15 मिनट इंतजार करना है। मॉकपोल के समय सभी यूनिट को जोड़ने की प्रक्रिया के बारे में बताया। प्रशासनिक व्यवस्था में सामग्री वितरण केंद्र एवं उपस्थित समय की जानकारी, नया आदेश सेक्टर से प्राप्त करना तथा सामग्री प्राप्ति काउंटर एवं वापसी सामग्री जमा करने के बारे में विस्तार से बताया। ईवीएम एवं सील पेपर, निविदत्त मत हेतु मतपत्र पीठासीन ही प्राप्त करें, इसके साथ ही उन्होंने सामग्री वापसी पर की जाने वाली कार्यवाही के बारे में बताया। मास्टर ट्रेनर को यह निर्देशित किया गया कि आप पीठासीन अधिकारी की हस्तपुस्तिका का गंभीरता पूर्वक अध्ययन कर मतदान दलों को कुशलतापूर्वक प्रशिक्षण दें। मतदान दलों द्वारा मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित सम्पन्न कराने में मास्टर ट्रेनर की अहम भूमिका होती है। वे जितने अच्छे ढंग से मतदान दलों को प्रशिक्षित करेंगे, उतनी ही अच्छे ढंग से स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया सम्पन्न होगी। सभी मास्टर ट्रेनर को ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट की कार्यप्रणाली, मतदान मशीन में आने वाली त्रुटियां और उसका निवारण, मॉक पोल एवं वास्तविक मतदान के समय मशीनों का रिप्लेसमेंट नियम, पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक- 1, 2, 3 के कार्य को विस्तार से बताया गया। सभी मास्टर ट्रेनर से मतपत्र लेखा प्रारूप 17-ग की प्रविष्टि कराकर व्यवहारिक ज्ञान दिया गया। इस दौरान जिले भर के मास्टर ट्रनर्स उपस्थित रहे।



# मसीह परिवारों के द्वारा खजूर पर्व रविवार को गिरजाघरों में अनुष्ठान के साथ बनाया गया





**आलोक बरवा सम्भागीय ब्यूरो**

मनेंद्रगढ़ खड़गवां। दुखछोला के मसीह परिवारों द्वारा चालीसा के पूर्ण सप्ताह के मौके पर रविवार को खजूर पर्व हर्षोल्लास के साथ उत्साह पूर्वक बनाया गया। मौके पर ईसाई समुदाय के लोग गिरजाघरों में धार्मिक अनुष्ठान कर बनाया गया रोमन कैथोलिक धर्म के लोगों के द्वारा खजूर के डोलियों को अपने हाथों में लेकर रैली निकल गया। सुबह 7-30 बजे खजूर के आशीष युक्त डाली को हाथ में लेकर प्रभु का गुणगान किया गया।उसके बाद बाइबल और सुसमाचार पाठ के बाद मुख्य अनुष्ठाता के द्वारा धार्मिक प्रवचन प्रस्तुत किया गया। फादर पिआर साय एक्का ने बताया कि प्रभु यीशू का यरुशलम पहुंचना ईसाइयों के लिए बहुत खुशी का मौका था. उस समय उनके पास साज-सजावट के लिए कुछ खास चीजें नहीं थी, इसलिए वहां के लोगों ने प्रभु यीशू का स्वागत खजूर के पत्तों और डालियों से किया. इसलिए भी इस दिन को खजूर रविवार कहा जाता है. पाम संडे के दिन से ही चर्च में प्रभु यीशू की आराधना, भक्ति और गीतों का दौर शुरू हो जाता है, जो कि ईस्टर तक चलता है. खजूर रविवार में इस्तेमाल की गई खजूर की डालियों की पत्तियों को सालभर के लिए संभालकर रख दिया जाता है और अगले साल इसे जलाकर इसकी राख बनाई जाती है, जिसका इस्तेमाल ऐश वेडनेसडे या राख बुधवार पर किया जाता है।पाम संडे के बाद आने वाले शुक्रवार को गुड फ्राइडे और रविवार को ईस्टर मनाया जाता है जो ईसाई धर्म के लिए बेहद खास होता है इस कार्यक्रम में जय धन कुजूर, सुनीता कुजूर, मंजू लता बरवा, सुधीर कुजूर, सुबोध, रोशनी एक्का, मोनिका कुजूर, पूनम लकड़ा, एविल तिर्की, किरण कुजूर, डेनियल बाखला, एलेक्स , मिलानुस, नेल्सन, ऐब्रेलसिया, प्रमिला बड़ा, सुमंती एक्का, दीपिका बड़ा, राजकिशोरी मिंज,अर्षभ निकोल बरवा और साथ ही बहुत संख्या में मसीह समाज के लोग उपस्थित रहे।

# चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया प्रबंधक के पुत्र ने

कुरारा।थाना क्षेत्र के नव निर्माणाधीन विद्यालय भवन से सरिया काट कर चोरी करने पर प्रबंधक के पुत्र ने थाने में एक चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हैथाना क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव के विद्यालय प्रबंधक प्रानदेवी के पुत्र वासुदेव यादव ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार की रात पड़ोस के पंचखुरागांव निवासी संजय पुत्र हुकुम पिलर में लगी सरिया ग्राइंडर से कटकर चोरी करके ले गया है पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक आरोपी खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अवैध तमंचे के साथ में युवक को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेजा

कुरारा।थाना क्षेत्र के पतरा ग्राम पंचायत के मजरा हरेठा तिराहे पर 315 बोर तमंचा लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा थाना क्षेत्र के पतारा के मजरा हरेठा तिराहे पर 315 बोर का देसी तमंचा लेकर खड़े होने की सूचना मुखिबर पताराचौकी प्रभारी शिवकुमार सिंह को दी सूचना मिलने पर हमराहियों के साथ घेरा बंदी कर पकड़ा जिसने अपना नाम रामकरन पुत्र रमेश निवासी पतारा थाना कुरारा बताया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया।

# 30 अवैध देशी शराब के साथ में युवक गिरफ्तार

कुरारा।थाना क्षेत्र के रिठारी गांव के पास मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 30 अवैध देशी शराब के क्वार्टर बरामद कर एक अभियुक्त को निजी मुचलके में रिहा किया ।थाना क्षेत्र के रिठारी गांव के पास एक संदिग्ध व्यक्ति झोले में अवैध देशी शराब के क्वार्टर लिए गांव की तरफ जा रहा था तभी मुखबिर ने थाना पुलिस को सूचना दी वही मौके पर पहुंचे उप निरीक्षक राकेश कुमार यादव ने घेराबन्दी कर पक?ा , जिसने अपना नाम मोहन उर्फ कल्लू सिंह पुत्र कपूर सिंह निवासी रिठारी बताया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए निजी मुचलके में रिहा किया ।

# होली विशेष देखभाल, सम्मान और चिंता के रंगों के साथ एक सख्त संदेश से भरी है तारक मेहता का उल्टा चश्मा की होली



होली के समय प्रकृति के विभिन्न रंगों जैसे की फूल, भावनाये और मौसमों का जश्न मनाया जाता है । तारक मेहता का उल्टा चश्मा के होली एपिसोड फैंस और दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। प्यार, मस्ती और खुशी के अलावा, इस बार नीला फिल्म्स ने अपने होली समारोह में देखभाल, सम्मान और चिंता का रंग भी जोड़ दिया है।÷तारक मेहता का उल्टा चश्मा में होली ना हो ऐसा कैसा हो सकता है? पिछले 16 सालों से हम अपने सेट पर होली मनाते आ रहे हैं। इसलिए हर बार हमें इस बारे में खूब सोचना पड़ता है कि होली के एपिसोड में हम इसबार क्या खास कर सकते हैं. यह सवाल हमारे सामने हर साल उठता है और हमारे लेखकों ने हमेशा की तरह इस साल की होली कहानी पर भी बहुत अच्छा काम किया है। हम अपनी होली कहानी में एक बहुत अच्छा संदेश लेकर आए हैं, ÷ शो के निर्माता असित कुमार मोदी ने कहा।जैसा कि सभी ने तारक मेहता का उल्टा चश्मा के हाल के एपिसोड में देखा होगा, लड़कों के एक समूह, गुड्डु भैया और उनके दोस्तों को त्योहार के नाम पर लोगों को परेशान करते हुए दिखाया है, जिससे गुस्सा होकर टप्पू सेना उन्हें सबक़ सिखाती है। लेकिन जब आपकी मानसिकता ही गलत हो तो आप समझ नहीं पाते कि क्या सही है। नतीजतन, गुड्डू भैया और उनके दोस्तों ने सोनू को परेशान करने और टप्पू सेना से बदला लेने की योजना बनाते है।होली पर इस विशेष कहानी को क्यों चुना, इस बारे में बात करते हुए कि असित कुमार मोदी ने बताया, ÷मैंने कई बार देखा है कि होली के उत्सव के दौरान लोग उत्सव मानाने के उन्माद में इतने खो जाते हैं कि वे दूसरों के अधिकारों की रक्षा करना भूल जाते हैं। वे दूसरे लोगों के निर्णयों का सम्मान नहीं करते और हद से आगे बढ़ जाते हैं। होली के नारे बुरा न मानो होली है के तहत लड़कियों और महिलाओं को परेशान करना कुछ लोगो के लिए सामान्य बात हो गई है। आप मौज-मस्ती कर सकते हैं, लेकिन इस दौरान किसी का अपमान नहीं होना चाहिए, खासकर महिलाओ का अपमान नहीं होना चाहिए और उन्हें नहीं नुकसान पहुंचना चाहिए। होली खुशियों, मौज-मस्ती, प्यार के रंगों का त्योहार है, जहां दुश्मन भी दोस्त बन जाता है, इसलिए आपको भी सब के साथ सिर्फ खुशियां बांटनी चाहिए। इसलिए हमने यह कहानी चुनी।क्या टप्पू सेना सोनू को गुड्डु भैया से बचा पाएगी या फिर सोनू को उसी तरह के शॉक से गुजरना पड़ेगा जैसे कई लड़कियों और महिलाओं को कई तरह के फेस्टिवल सेलिब्रेशन के दौरान झेलना पड़ता है? अधिक जानने के लिए देखते रहें तारक मेहता का उल्टा चश्मा।

# सूखी होली खेलें - राजीव अग्निहोत्री चेयरमैन जूडिशियल कॉउन्सिल




**नई दिल्ली ।** मेरे प्यारे देशवासियो आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएँ। हर्ष, उल्लास, हंसी और रंगों का यह त्योहार हर किसी के जीवन में नई उमंग और नई ऊर्जा का संचार करे होली के पावन अवसर पर, मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं । होली एकजुटता की भावना का जश्न मनाती है और हमें इसकी महिमा का आनंद लेने के लिए प्रेरित करती है प्रकृति अपने विविध रंगों में। यह लोगों को एक साथ लाती है और भाई चारा मजबूत बनता है । मेरी हार्दिक आशा है कि हम, जैसे जिम्मेदार नागरिक उन बाधाओं को तोड़ें जो हमें विभाजित करने का षडयंत्र रचती हैं और एकजुट होकर रहें। भारत जिसे अपनी समृद्ध विविधता और असंख्य संस्कृति पर गर्व है एक उज्जवल भविष्य कि नई आशा के साथ, आइए मिलकर बिना पानी के होली मनायें । श्रीमती मंजू शुक्ला मेंबर ह्यूमन राइट्स जूडिशियल कॉउन्सिल नें कहा होली के रंग आपके जीवन को उज्ज्वल करें और इसे प्यार, हँसी और समृद्धि से भर दें आइए होली के इस शुभ अवसर पर बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न जोश और उत्साह के साथ मनाएं ।श्री संजय मेंबर पब्लिक ग्रीवांस कमिटी ने बताया संस्था की तरफ से ग्रीटिंग्स कार्ड एक संदेश के रूप में है जिसमें उल्लू पक्षी जो ज्ञान, स्पष्टता और विद्वता का प्रतीक है । उल्लू आजकल, व्यक्तिगत विकास और अच्छे शगुन का प्रतिनिधित्व करते हैं। उल्लू हमें बहुत कुछ सिखा सकते हैं और आमतौर पर ज्ञान और परिवर्तन से जुड़े होते हैं। हालाँकि, वे कई अन्य प्रतीकों और अर्थों से भी जुड़े हुए हैं। ग्रीटिंग्स ार्ड के माध्यम से संदेश देनें का प्रयास है पानी बचायें और सूखे रंग से होली मनायें । टेलीग्राफ न्यूज संवादाता से बातचीत के दौरान जूडिशियल



कॉउन्सिल के चेयरमैन श्री राजीव अग्निहोत्री नें कहा भले ही होली मुख्य रूप से हिंदू त्योहार है, यह अन्य धर्मों के लोगों द्वारा भी मनाया जाता है। यह देश में वसंत फसल के मौसम के आगमन का प्रतीक है। लोग स्वादिष्ट मिठाइयाँ, ठंडाई खाकर और रंगीन गुलाल उड़ाकर, पानी कि पिचकारी और गुब्बारे मारकर ÷होली है÷ का नारा लगाते हुए त्योहार मनाते हैं । पर कहना चाहूँगा कि देश कैसे तरक्की करे इस का प्रयास करें , एक बार फिर मैं आपको और आपके परिवार को खुशी, एकजुटता और अंतहीन उत्सव के क्षणों से भरी होली की शुभकामनाएं देता हूं । एडवोकेट विजय कुमार नें कहा होली भारत में सबसे लोकप्रिय त्योहारों में से एक है। होली के दौरान हर धर्म, नस्ल और जाति के लोग रंग खेलते हैं , और प्यार फैलाते हैं । होली को लोकप्रिय रूप से रंगों के त्योहार के रूप में जाना जाता है । हमें इस मिथक को तोडना होगा पानी बिन होली नहीं मनाई जा सकती, और समाज में संस्था द्वारा ग्रीटिंग कार्ड एक अच्छा संदेश है ।

# मेधावी छात्रों को पूर्व विधायक ने किया सम्मानित



जनपद मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना कस्बे के बडोत रोड पर स्थित केसरी एवन कोचिंग सेंटर में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक उमेश मलिक रहे। वही कोचिंग के संचालक संजीव बालियान ने बताया कि हर माह हमारी संस्था में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाता है। वहीं इसी क्रम के चलते होली मिलन कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता में प्रथम श्वेता लुहसाना व द्वितीय स्थान मुस्कान बुढ़ाना को प्राप्त किया। जिन्हें पूर्व विधायक उमेश मलिक ने सम्मानित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष भारत ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष पुनीत पवार, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, अंकुश राठी, वैभव डबास, पंकज प्रजापति, कुलदीप, शिवम, अनुज आदि सहित संस्था का स्टाफ मौजूद रहा।

# ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र के पार्षदगणों के साथ बैठक में दिए समस्याओं के निराकरण के निर्देश

**ग्वालियर:** ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के संबंध में क्षेत्रीय पार्षदगणों की बैठक निगम मुख्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार, सभापति श्री मनोज सिंह तोमर, नेता प्रतिपक्ष श्री हरीपाल, पार्षद श्रीमती सईदा आसिफ अली, श्रीमती आशा सुरेन्द्र चौहान, श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, श्रीमती मोनिका मनीश शर्मा, श्री मनोज राजपूत, श्री सकील खान मंसूरी, श्रीमती मीरा मानसिंह राजपूत, श्रीमती ज्योति दिनेश सिकरवार, श्री विनोद यादव, श्री महेन्द्र आर्य, श्रीमती अंजना हरीबाबू शिवहरे, श्री विवेक त्रिपाठी, श्रीमती सुनीता अरूणेश कुशवाह, सुश्री भावना कन्नोजिया एवं नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह, अपर आयुक्त श्री आरके श्रीवास्तव सहित संबंधित सभी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में महापौर डॉ. शोभा सतीश सिंह सिकरवार ने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी समझकर कार्य करें। निगम एक परिवार है सभी अधिकारी पार्षगणों के फोन उठायें तथा आमजन की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जाए।

बैठक में निगमायुक्त श्री हर्ष सिंह ने कहा कि कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कैसे हो इसके लिए बैठक आयोजित की गई है। इसके साथ ही उन्होंने बारी-बारी से सभी पार्षदगणों से उनकी समस्या सुनी तथा संबधित अधिकारियों को समस्याओं का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कुछ समस्याओं का निराकरण तीन दिवस में पूर्ण कर पार्षद व मुझे अवगत कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।बैठक में वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद श्रीमती सईदा आसिफ अली ने वार्ड में सफाई, सीवर व पेयजल समस्याओं को लेकर निगमायुक्त श्री सिंह को अवगत कराया। जिस पर निगमायुक्त ने शीघ्र सभी समस्याओं को निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। वार्ड 2 की पार्षद श्रीमती आशा सुरेन्द्र चौहान ने अवगत कराया कि उनके वार्ड में सीवर व पेयजल की अधिक समस्या बनी हुई है। इसके लिए निगमायुक्त श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को उक्त समस्या के शीघ्र निराकरण के लिए निर्देशित किया। वार्ड 5 के पार्षद श्री प्रेम प्रकाश शर्मा ने नालों की सफाई न होने के कारण जल भराव की समस्या से अवगत कराया। इसके साथ ही स्टोन पार्क में पेयजल समस्या के निदान के लिए बोरिंग कराये जाने आदि समस्याओं से अवगत कराया। इसके साथ ही वार्ड 7 की पार्षद श्रीमती मोनिका मनीश शर्मा ने क्षेत्र में डाली जा रही सीवर लाइन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए एवं पेयजल से संबंधित समस्या से निगमायुक्त श्री सिंह को अवगत कराया जिस पर निगमायुक्त श्री सिंह को तीन दिवस में उक्त समस्या के निराकरण के लिए निर्देशित किया। वार्ड 8 के पार्षद श्री मनोज राजपूत ने अवगत कराया कि झलकारी बाई कॉलेज के समीप लगी पानी की टंकी के लिए आम रास्ता न होने के कारण काफी समस्या आ रही है। इसके साथ ही अमृत की लाइनों में लीकेज होने पर उनको सुधार दिया जाता है परंतु



जो गड्डा खोदा जाता है उसको ठीक नहीं किया जाता जिस कारण आये दिन घटनायें घटित होती रहती हैं। साथ ही पेयजल सप्लाई समय पर हो आदि समस्याओं से निगमायुकत श्री सिंह को अवगत कराया। जिस पर निगमायुक्त श्री सिंह ने सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। वार्ड 10 के पार्षद श्री सकील खान मंसूरी ने टूटे सीवर चैम्बर को बनवाने के साथ अन्य समस्याओं से अवगत कराया। वार्ड 12 की पार्षद श्रीमती मीरा मानसिंह राजपूत ने पेयजल व लाइट की समस्या से अवगत कराया। वार्ड 13 की पार्षद श्रीमती ज्योति दिनेश सिकरवार ने कहा कि छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण की समय सीमा निश्चित हो जिससे आमजन को ऑफिसों के चक्कर न लगाने पडें। वार्ड 14 के पार्षद श्री विनोद यादव ने कहा कि सीवर लाइन कई जगह पर डेमेज है। वार्ड वार्ड 16 के पार्षद श्री महेन्द्र आर्य ने अवगत कराया कि वार्ड में टंकी बनी हुई है परंतु कई लाइनों में पानी नहीं पहुंच रहा है। क्षेत्र में कई सडकों पर पेच रिपेयरिंग कराया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही कहा क्षेत्रीय कार्यालय पर कोई भी चोकीदार नहीं हैं। जिस पर निगमायुक्त श्री सिंह ने समय सीमा में समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

वार्ड 31 की पार्षद श्रीमती अंजना हरीबाबू शिवहरे ने कहा कि जहां कोचिंग संचलन होता है वहां रोड पर स्पीड ब्रेकर बनाये जाए। इसके साथ ही कई क्षेत्रों में बरसात के कारण जल भराव की समस्या रहती है। जिस पर निगमायुक्त न सभी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को कार्यस्थल का निरीक्षण कर समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। वार्ड 32 के पार्षद श्री विवेक त्रिपाठी ने अवगत कराया कि उनके वार्ड में अमृत की लाइन नहीं डली है जहां डली है वहां मिलान नहीं हुए हैं। डफरन सराय में सीवर ओवरफ्लो हो रहा है, पेच वर्क व लाइट की समस्या क्षेत्र में बनी हुई है। वार्ड 33 की पार्षद श्रीमती सुनीता अरूणेश कुशवाह ने कहा कि क्षेत्र में सीवर व लाइट की गंभीर समस्या बनी हुई है। इसके साथ ही वार्ड 36 की पार्षद सुश्री भावना कन्नोजिया ने प्रतिदिन समय पर पेयजल सप्लाई के संबंध सहित अमृत लाइन के बार बार फूटने से स्मार्ट सिटी द्वारा बनाई गेंडे वाली सडक बार बार खोदी जा रही है, आदि समस्याओं से निगमायुक्त श्री सिंह को अवगत कराया। जिस पर निगमायुक्त श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

# होली पर मेहमानों का स्वागत तो मोहना की सुप्रसिद्ध चौबेजी की चाश्नी में डूबी गुजिया से ही होगा

ग्वालियर. । रंगों के त्योहार होली पर पारंपरिक रूप से गुजिया का विशेष महत्व है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को ठाकुर जी को गुजिया का ही भोग लगाया जाता है। अगर बात मावा व चिरौंजी, किशमिश युक्त गुजिया की होगी तो मोहना के चौबे की चाश्नी में डूबी गुजिया आंखों के सामने नजर आने लगेगी। उसकी मिठास भी स्वत~जुबान पर आ जाती है। ग्वालियर- शिवपुरी मार्ग से गुजरने वाला हर व्यक्ति गुजिया का स्वाद लेने के लिए चौबेजी की मिठाई की दुकान पर अवश्य रुकता है। गुजिया इतनी स्वादिष्ट होती है कि लोग पैक कराकर भी ले जाना नहीं भूलते। इस गुजिया का स्वाद राजमाता विजयाराजे सिंधिया, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी ले चुके हैं। भले ही मोहना के साथ ग्वालियर-शिवपुरी की हाइवे की तस्वीर बदल गई है। किंतु 45 वर्षों से गुजिया का स्वाद नहीं बदला है।मोहना में चौबे जी मिष्ठान भंडार-जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित मोहना ग्वालियर व शिवपुरी के मध्य में है। मोहना व घाटीगांव का मावा भी काफी प्रसिद्ध है। यहां घर-घर दूध का मावा बनता है। मोहना के मुख्य बाजार में चौबेजी की




मिठाई की परंपरागत दुकान है। यह मिष्ठान भंडार अत्याधुनिकता से कोसों दूर है। यही वजह है लोगों की आज भी पहली पसंद बना हुआ है। लकड़ी का साधारण सा काउंटर उसपर सजी गुजिया की ट्रे ही चौबे मिष्ठान भंडार की खास पहचान है। खास बात यह है कि आज भी गुजिया गैस भट्टी की बजाये लकड़ी की भट्टी पर तैयार की जाती है। शायद यही वजह है कि गुजिया का स्वाद वर्षों तक भूल नहीं पाते हैं। लोग अब भी हाइवे छोड़कर गुजिया का स्वाद लेने के लिये मोहना के अंदर से गुजरते हैं। यात्री बस में सवार यात्रियों की इच्छा होती है कि मोहना में जरूर उनकी बस रुके, ताकि वे इत्मीनान के साथ गुजिया का आनंद ले सकें।चौबे मिष्ठान भंडार के संचालक तरुण चौबे ने 45 वर्ष पूर्व गुजिया बनाना शुरु किया था। गुजिया की खास बात यह है कि शुद्ध मावे के साथ गैस भट्टी के बजाये परंपरागत भट्टी पर गुजिया बनाई जाती है। गुजिया में भरने के लिए दूध का मावा भी स्वयं ही तैयार करते हैं। उसके बाद एक आकार की गुजिया तली जाती है। अमूमन बाजारों में मैंदा व मावा की भरी गुजिया मिलती है। गुजिया को फ्राइ करने के बाद उसे चाश्नी में डुबाया जाता है और इसी कारण से मोहना की गुजिया देशभर में प्रसिद्ध है। राजस्थान व उत्तर प्रदेश, मालवा-निमाड़ के साथ दिल्ली के लोग भी गुजिया पैक कराकर ले जाते हैं।

**होली पर ठाकुरजी को लगता है गुजिया का भोग**-गुजिया को लेकर अलग-अलग मान्यता है। कुछ लोगों का मानना है कि बुंदेलखंड से ही गुजिया समूचे देश में पहुंची है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि गुजिया का चलन सबसे पहले ब्रज से ही आया और ब्रज में ही होली की शुरुआत हुई। गुजिया भी होली के दिन श्रीकृष्ण को विशेष मिठाई भोग के रूप में अर्पित की गई थी। तभी से इसे होली के विशेष मिष्ठान के रूप में माना जाने लगा, इसलिए होली के दिन लड्डू गोपाल को गुजिया का भोग लगता है।

# आप के प्रदर्शन मामले में पुलिस का बड़ा एक्शन, पार्टी के प्रदेश महासचिव और 20 कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज

जिले में आम आदमी पार्टी के प्रदर्शन मामले में पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। आदर्श आचार संहिता के दौरान बिना अनुमति प्रदर्शन करने के मामले में पुलिस ने पार्टी के प्रदेश महासचिव और 20 कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज की है। आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बीते शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था।सैकड़ों की संख्या में मौजूद




आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने बिना अनुमति के यह प्रदर्शन किया था। इस दौरान उनके द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाने की भी कोशिश की थी, जिसे पुलिस ने नाकाम कर दिया था। बिना अनुमति किए गए इस प्रदर्शन के खिलाफ स्त्रस्त्र प्रभारी दुष्यंत कौशल के द्वारा जनकगंज थाने में शिकायत की गई। शिकायत के आधार पर जनकगंज थाना पुलिस ने आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव एडवोकेट रोहित गुप्ता सहित 20 अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**प्रदर्शन की वीडियोग्राफी भी कराई गई**-जनकगंज थाना ञ्रढ्ढ विपेंद्र सिंह का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। मौके पर प्रदर्शन की वीडियोग्राफी भी कराई गई थी, ऐसी स्थिति में वीडियो के जरिए अन्य लोगों की पहचान और उनके प्रदर्शन में शामिल होने की पुष्टि होने पर उनके खिलाफ भी मामला दर्ज किया जाएगा। गौरतलब है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने की स्थिति में चुनाव आयोग की ओर से स्पष्ट दिशा निर्देश जारी किए गए हैं कि किसी भी कार्यक्रम को करने से पहले सक्षम अधिकारी की अनुमति लेना बेहद जरूरी है, लेकिन आम आदमी पार्टी द्वारा एक बड़ा प्रदर्शन बिना अनुमति की आयोजित किया गया, जिसको लेकर यह कार्रवाई की गई।

# लोडिंग वाहन में छिपाकर ले जा रहा था 4 लाख 90 हजार रुपये, ड्राइवर नहीं दे पाया कैश का प्रुफ, पुलिस ने जब्त किया

*लोकसभा चुनाव के लिए प्रभावी आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के लिए पुलिस बहुत एक्टिव है, पुलिस ने चैकिंग पॉइंट्स और मुखबिर तंत्र दोनों मजबूत कर दिए हैं। इसी क्रम में पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक लोडिंग वाहन से चार लाख 90 हजार रुपये बरामद किये है, पूछताछ में कार ड्राइवर रुपये का कोई प्रूफ नहीं दे पाया जिसके बाद पुलिस ने कैश को जब्त कर लिया है पुलिस को देखकर ड्राइवर ने गाड़ी वापस भागने की कोशिश की, पकड़ा गया पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शहर की सीमाओं पर मौजूद पुलिस थाने दूसरे जिलों से आने वाले वाहनों की चैकिंग मुस्तैदी के साथ कर रहे हैं, पनिहार थाना पुलिस ने भी चैकिंग पॉइंट्स लगाये हुए हैं , थाना प्रभारी धवल सिंह को इसी दौरान एक बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक0438 आती दिखाई दी, चैकिंग देखकर ड्राइवर ने वाहन को वापस शिवपुरी की तरफ घुमाने की कोशिश की। ड्राइवर की हरकत देकर पुलिस ने उसका पीछा किया और कुछ दूर जाकर उसे पकड़ लिया।*

***ड्राइवर सीट के पीछे छिपाए थे 4 लाख 90 हजार, नहीं बता पाया किसका है कैश***-*पुलिस ने जब ड्राइवर से उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम संजू सिंह बघेल निवासी मौ जिला भिंड बताया। पुलिस ने जब ड्राइवर से गाड़ी को वापस ले जाने का कारण पूछा तो वो संतोष जनक उत्तर नहीं दे पाया। पुलिस ने जब बोलेरो पिक अप की तलाशी ली गई तो संजू सिंह ने चालक सीट के पीछे सीट की जेब में 4,90,000/- रुपये (चार लाख*



*नब्बे हजार रुपये) रखा होना बताया। पुलिस ने जब पूछा कि इतना कैश वो कहाँ से लाया तो वो कोई संतोष जनक जबाव नहीं दे पाया और ना ही कैश से जुड़ा कोई दस्तावेज दिखा पाया ।*

***पुलिस को सुनाने लगा कहानी, कैश और बोलेरो पिक अप जब्त***-*पुलिस ने जब ड्राइवर से कैश के बारे में सख्ती से पूछताछ की तो अलग अलग कहानी सुनाने लगा , उसने पहले कहा कि ये गाड़ी उसी की है वो वो खुद चलाता है ये रकम सब्जी बेचकर उसे मिली है, पुलिस ने जब उससे और जानकारी चाही तो वो कहने लगा कि मैं शिवपुरी से रकम लाया हूँ और ग्वालियर के व्यापारी को देने जा रहा हूँ, पुलिस को उसकी कहानी पर संदेह है, पुलिस ने कैश जब्त कर मामला दर्ज कर लिया है ।*

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478